# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 21/03/2021

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Gaurav Mahima , Jaipur (R.J)**

# 83 बटालियन ने मनाया केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 82वाँ स्थापना दिवस





राजस्थान विकास दर्पण

**आमेर।** राजधानी जयपुर के आमेर स्थित बटालियन कैम्पस, रामगढ़ रोड़, लालवास, जयपुर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 82वा स्थापना दिवस प्रवीण कुमार सिंह, कमाण्डेंट-83 बटालियन के नेतृत्व में मनाया गया। इस अवसर पर प्रवीण कुमार सिंह, कमाण्डेंट ने बटालियन शहीद स्मारक पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के देश की सुरक्षा में शहीद हुए जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं बटालियन क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली। प्रवीण कुमार सिंह ने विशेष सैनिक सम्मेलन आयोजित कर बटालियन के सभी कार्मिकों को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सुनहरे इतिहास को याद करवाते हुए जवानों के अदम्य साहस, देश हित में किये गये सराहनीय कार्यों के लिये प्रशंसा की एवं भविष्य में और अच्छा करने की रणनीति पर विचार करने तथा देश की सेवा के लिये हर समय तैयार रहने हेतु प्रेरित किया। जवानों को वर्तमान देश में फैली कोविड-19, महामारी के बढ़ते संकगण से स्वयं का बचाव करते हुए ड्यूटी का निर्वहन करने का आग्रह किया।साथ ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस के उपलक्ष में बटालियन की कम्पनियों के मध्य मैत्री खेल (वॉलीबाल) का आयोजन किया गया तथा विजेता टीम एवं खेल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर श्री प्रवीण कुमार सिंह कमाण्डेंट 83 बटा. के साथ सुरेश सिंह पायल द्वितीय कमान अधिकारी, बटालियन के सभी राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

Gaurav Mahima , Jaipur (R.J)

# जयपुरः आरएएफ ने किया सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन

गौरव महिमा

जयपुर। सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर अपना योगदान करने वाली रैपिड एक्शन फोर्स 83 ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम मालावाला जमवारामगढ रोड़ जयपुर में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय ग्रामीणों और स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान 83 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को वैश्विक महामारी कोविड-19 से बचाव की जानकारियाँ दी। कोविड टीकाकरण के बारे में फैल रही भ्रांतियों को दूर करते हुए ग्रामीणों को कोविड वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत जरूरतमंदो को फ़ेस मास्क, हैण्डवास, हैण्ड सेनिटाईजर और




साबून वितरित किया गया। केन्दीय रिजर्व पुलिस बल केवल देश की सुरक्षा ही नहीं बल्कि इस तरह के सामाजिक कार्य करके देश भर में आम जनता और जरूरतमंदों की सहायता करती रही है और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। ताकि आम जनता का पुलिस और बल के प्रति विश्वास एवं संबन्ध बने रहे। कार्यक्रम के दौरान गेडिकल कैग का भी आयोजन किया गया जिसामे शी मुनिल कुमार धाकड़ (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी) ने बटालियन की तरफ से वृद्ध और जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयाँ वितरित की। कार्यक्रम के दौरान 83 बटालियन द्रुत कार्य बल के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पागल, बटालियन के सभी राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान, ग्रामीण, विद्यालय के अध्यापक व बच्चे उपस्थित रहे।

## Swatantra Varta , Hyderadabad (T.S)

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 82वीं वर्षगांठ मनायी गयी





हैदराबाद, 19 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (केरिपु बल) की 82वीं वर्षगांठ मनायी गयी। इस संदर्भ में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि, भव्य रूप से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल(केरिपु बल) की 82 वीं वर्षगांठ मनायी गयी। इसके तहत गत 82 वर्षों में केरिपु बल को अपने अदम्य साहस, कर्त्तव्य निष्ठा के बल पर संसार का सबसे बडा बडा अर्धसैनिक बल बनने का सौभाग्य प्राप्त है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (केरिपु बल) के कार्यों की सराहना देश के अलावा विदेश में भी हुई है। भारत वर्ष के पूर्वोत्तर राज्यों से लेकर कन्याकुमारी तक यह बल अपने संबंधित कार्यों में लगी हुई है। केरिपु बल जोकि विभिन्न प्रकार की ड्यूटियों में संलग्न रहती है,जैसे जम्मू कश्मीर में आतंकवाद, छत्तीसगढ का नक्सली हमला तथा देश के कोई भी भाग में कानून व्यवस्था की बिगडती स्थिति, सबमें यह बल पूर्ण रूप से खरी उतरी है। केरिपु बल की वर्तमान में 246 बटालियनें हैं, जिसमें 06 महिला बटालियन, 10 कोबरा बटालियनें जो नक्सलवाद से निपटने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित हैं।

साथ ही यह बल जोकि आतंकवाद का विशेष रूप से मुकाबला करने में पूरी तरह से सक्षम है। संसद भवन पर आतंकी हमला,अयोध्या राम मंदिर में आतंकी हमला, जम्म कश्मीर के रघुनाथ मंदिर पर आतंकी हमला सभी की केरिपु बल के जवानों या अधिकारियों व्दारा बहुत ही मुस्तैदी से विफल किया गया और सारे आतंकवादियों को मार गिराया गया। केरिपु बल के व्दितीय वाहिनी के एक प्लाटून व्दारा गुजरात के रन ऑफ कच्छ में पाकिस्तानी सेना के एक ब्रिगेड को रोका गया, जिसमें 10 जवानों ने अपने अमूल्य प्राणों की आहूति दी थी। इसके अलावा पश्चिम और पूर्वी दोनों सीमाओं पर 1965 और 1971 में भारत पाक युध्द में भी इस बल ने भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया है। अभी वर्तमान में कोविड -19 महामारी में भी बल के जवानों ने संयम का परिचय देते हुए बहुत ही मुस्तैदी से अपनी जान की परवाह किये बिना अपने ड्यूटी पर पूरी इमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा से लगे रहे। भारत सरकार व्दारा इस उपरोक्त अदम्य साहसी कार्य को देखते हुए वर्तमान में सबसे ज्यादा पुलिस मेडल फॉर गैलन्ट्री तथा पुलिस मेडल प्रदान किया गया है। इसके अलावा जम्मू कश्मीर के हंदवारा आतंकी हमले में शहीद निरी/जीडी पिन्टू कुमार को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था।

## Hindustan News , Meerut (U.P)

छत्तीसगढ़ में शहीद सचिन कुमार को मरणोपरांत पराक्रम पदक, सीआरपीएफ की इकाई आरएएफ-108 व रैपो में हुए कार्यक्रम

# वर्षगांठ : सीआरपीएफ के जांबाज शहीदों को नमन

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्थापना दिवस पर रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 108-बटालियन मेरठ में शुक्रवार को कार्यक्रम हुआ। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बल के गौरवशाली इतिहास से जवानों को रूबरू कराया गया। 108 बटालियन के कमांडेंट राजेंद्र प्रसाद ने सीआपीएफ व आरएएफ के गरिमामयी इतिहास से जवानें को अवगत कराया। जवानों व उनके परिजनों को इस गौरवपूर्ण दिवस की बधाई दी।

आरएएफ लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) के क्वार्टर गार्ड में नया झंडा फहराया गया। डीआईजी अखिलेश कुमार सिंह ने सलामी लेकर शहीदों को नमन करते हुए बल की शौर्यगाथा व भव्य इतिहास पर प्रकाश डाला। उप कमांडेंट नीरज कुमार झा, सहायक कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट अजीत कुमार, निरीक्षक यशवीर सिंह, निरीक्षक ओमवीर सिंह, हवलदार रविंद्र कुमार को साल-2019 के चुनावों में योगदान के लिए डीजी डिस्क प्रदान की गई।





### सरदार पटेल ने दिया था झंडा

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्थापना क्राउन रिप्रजेंटिव पुलिस के तौर पर 27 जुलाई 1939 को मध्यप्रदेश के नीमच में हुई थी। 19 मार्च 1950 को तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने झंडा प्रदान करते हुए इसका नाम केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कर दिया। इसलिए इस बार सीआरपीएफ ने 82वां स्थापना दिवस मनाया। आरएएफ भी सीआरपीएफ की इकाई है।



### आईईडी धमाके में शहीद हुए थे मुजफ्फरनगर के सचिन

आरएएफ-108 में आयोजित कार्यक्रम में शहीद सिपाही सचिन कुमार को मरणोपरांत पराक्रम पदक से सम्मानित किया गया, जिसे उनकी पत्नी मीनू देवी को सौंपा गया। मुजफ्फरनगर निवासी सचिन कुमार सीआरपीएफ की 150वीं वाहिनी में सुकमा, छत्तीसगढ में तैनात थे। 26 अगस्त 2016 को सहायक कमांडेंट सुधीर एस.सीनवाल के नेतृत्व में पार्टी 9.45 बजे हेलीपेड सेनीटेशन पर तैनात थी। हेलीकॉप्टर के उतरने के बाद पार्टी तमिलवाड़ा की तरफ बढ़ रही थी। अचानक झाडियों से एक तार देखा गया, जिसको हुक से निकाला और सिपाही सचिन कुमार ने ब्लास्ट किया। आईईडी ब्लास्ट करने के बाद पार्टी ने खोजबीन जारी रखी। इस बीच सचिन कुमार का पैर प्रेशर बम पर आ जाने से वह गंभीर घायल हो गए। एक सितंबर 2016 को एम्स में सचिन वीरगति को प्राप्त हो गए।

Prabhat Mantra , Jamshedpur (JKD)

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 82वीं वर्षगांठ मनाया गया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 82वीं वर्षगाँठ जमशेदपुर स्टेशन स्थित 106 बटालियन आर.ए. एफ में मनाया गया। इस अवसर पर 106 बटालियन आर.ए. एफ, सुन्दर नगर के कमाण्डेन्ट प्रमोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन अनुज कुमार सिन्हा , उप कमा. और राकेश कुमार , उप कमा. के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कहा कि बल के वीरों द्वारा की गयी असाधारण सेवा, शौर्य , पराक्रम तथा बलिदान को ध्यान में रखते हुए भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 19 मार्च 1950 को सीआरपीएफ को राष्ट्रपती का ध्वज ( कलर ) प्रदान किया । इस दिन के महत्व को देखते हुए वर्तमान में आज के दिन अर्थात 19 मार्च को सी आर पी एफ की वर्षगाँठ मनायी जाती है। अपने स्थापना के समय से ही हमारा यह बल राष्ट्र रक्षा के पथ पर सदैव अग्रसर रहते हुए देश के समक्ष आने वाली प्रत्येक चुनौतियों का डट कर मुकाबला किया है। इस अवसर पर अन्तर कम्पनी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।

Media Express , Hyderadabad(T.S)

# Om Prakash paid homage to CRPF martyrs





**Hakimpet; Media Express;** 99 Rapid Action Force celebrated the 82nd Anniversary of CRPF on Friday in Hakimpet campus, Secund erabad. Om Prakash, Commandant and all ranks of 99 Rapid Action Force paid homage to the martyrs of CRPF who sacrificed their lives on the line of duty. Co mmemorating the brave dee ds and gallant actions of th e heroes of CRPF, the Commandant paid tributes to the martyrs of CRPF. The c eremonial guard was presented to Om Prakash, Com mandant at Quarter Guard on this occasion. The Commandant highlighted the a chievements of CRPF since its inception in 1939 and the prominent role played by CRPF in dealing with the Internal Security of our country and reiterated that due to selfless sacrifice and steadfast commitment of its personnel to duty, the force and nation stand stro ng as ever. The CRPF was raised on 27/07/1939 as a Crown Representative Police Force and was present ed Colors on 19/03/1950 by the then Home Minister Sardar Vallabh Bhai Patel. CRPF – the largest paramilitary force in the world and country's premier force in matters pertaining to Internal security has a long history of gallantry and devotion to duty. It has increased its strength from 1 Bn in 1939 to 246 Bns in 2021 and still counting. The courage, sacrifice, and professional efficiency of CRPF has made it a key pillar of the Internal Security of the nation. Rapid Action Force is a specialized riot control wing of CRPF and plays a vital role in maintai ning law & Order, thereby bringing peace & tranquility across the country. It works with a motto of 'Ser ving Humanity wth Sensitive Policing' and is addressed as "Peace keepers of the Nation". On this occasion, 99 Bn RAF organize d various sports competitions and a BadaKhana to celebrate the Day

United Bharat , Prayagraj (U.P)

# धूमधाम के साथ मनाया गया सीआरपीएफ का 82वॉ वर्षगॉठ

फाफामऊः प्रयागराज। सी०आर०पी०एफ० ग्रुप सेंटर पण्डिला व १०१ रैपिड एक्शन फोर्स शांतिपुरम में सीआरपीएफ का ८२वॉ वर्षगॉंठ शुक्रवार को बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पण्डिला में ८२ वॉ स्थापना दिवस समारोह प्रातः ९:३० बजे रामयोफंग डयूडांग पुलिस उप महानिरीक्षक ने शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित किया। क्वार्टर गार्ड पर सलामी लेकर केरिपुबल का नया ध्वज फहराया। इस मौके पर डी०आई०जी० चिकित्सा कौशल किशोर ने उपस्थित कार्मिकों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर तपन कुमार कमाण्डेंट, २२४ बटा० के शक्ति सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, विनय शंकर शुक्ला उप कमाण्डेंट, सुभाष बाजपेयी उप कमा०, आशीष कुमार सहायक कमा०, अजय पाल सहायक कमा० सहित अधिनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित रहे। इसी क्रम में शांतिपुरम् में आर०के० निगम कमाण्डेंट ने शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए क्वार्टर गार्ड में सलामी ली। के०रि०पु०ब० के गौरवमयी इतिहास के बारे में बताते हुए बल के जवानों व अधिकारियों को उनकी कर्तब्य परायणता के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर आर०के० निगम, के०के० सिंह, मु०चि०अधि० नरेन्द्र कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी तथा वाहिनी के सभी अधिकारियों व जवानों ने प्रतिभाग किया।

## Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF






**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**